मेट्रो 3 के स्टेशन का कांम अंतिम चरण में

मुंबई(यशोडेस्क), कुलाबा बांद्रा सिप्ज इस तीसरे पूर्ण भूमिगत मार्ग का ट्रायल रन शुरू हो गया है, वहीं एमएमआरसीएल ने स्पष्ट किया है कि कफ परेड से लेकर विभिन्न मेट्रो स्टेशनों का काम अंतिम चरण में पहुंच गया है। इस पर कुछ दिन पहले ही काम शुरू हुआ है। एमएमआरसीएल ने सोशल मीडिया पर एक लिंक शेयर कर मेट्रो स्टेशन के काम की जानकारी दी है। साथ ही स्पष्ट कहा गया है कि छत्रपति शिवाजी महाराज मेट्रो स्टेशन का 83 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है, इसमें एस्केलेटर, केबल और एयर कंडीशनिंग सिस्टम केबल की स्थापना शामिल है।